नगरोटा कॉलेज में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ध्यानयोग दिवस का आयोजन

नगरोटा बगवां के राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल और बीबीए विभाग के संयुक्त प्रयास से आज 21 दिसंबर को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ध्यानयोग दिवस मनाया गया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित किया गया है और इसका उद्देश्य ध्यान योग के महत्व को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, करियर काउंसलिंग और गाइडेंस सेल के प्रभारी प्रो. संजय शर्मा और बीबीए कोऑर्डिनेटर डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्म प्रशिक्षक श्री संजीव हरनोट का स्वागत करते हुए ध्यान योग सत्र का आरंभ किया।

इस शिविर में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। प्रशिक्षक श्री संजीव हरनोट ने छात्रों को विभिन्न ध्यान योग क्रियाएं सिखाईं, जिनसे छात्रों ने मानसिक शांति और आत्म-सुधार के महत्व को समझा।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, प्रो. संजय शर्मा, डॉ. राजीव कुमार, प्रो. निपुनिका राणा, डॉ. नीरज गांधी, डॉ. माधवी पराशर, प्रो. रमन, प्रो. विकास चौहान, प्रो. आशु सानन और कुंता देवी उपस्थित रहे। सभी ने इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राचार्य

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नगरोटा बगवां

GPS Map Camera
Google
Nagrota Bagwan, Himachal Pradesh, India
Mandi-pathankot Rd, District Kangra, Lakrehr,
Nagrota Bagwan, Himachal Pradesh 176047, India
Lat 32.112629° Long 76.391382°
21/12/24 12:28 PM GMT +05:30

OPPO A17

OPPO A17